आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 29.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

सेना सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकियों को मार गिराया हैं गृह मंत्री अमित शाह ने आज लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर जारी चर्चा में ये जानकारी दीं उन्होंने एनकाउंटर करने वाले सुरक्षा बलों को इसके लिए शुभकामनाएं दीं श्री शाह ने कहा कि आतंकियों को सहयोग देने वाले लोगों ने भी उन आतंकियों के शवों को पहचान लिया हैं साथ ही विभिन्न वैज्ञानिक जांचों के आधार पर भी यह पुष्टि हो चुकी है कि ये आतंकी पहलगाम हमले के लिये जिम्मेदार थें गौरतलब है कि ऑपरेशन महादेव के तहत जम्मू–कश्मीर में कल श्रीनगर जिले के हरवान क्षेत्र में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में ये तीनों आतंकी मारे गए थें

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कीं मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री श्री मोदी से राजस्थान के विकास पर चर्चा कीं उन्होंने प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और सहयोग के लिए प्रदेश की ओर से आभार व्यक्त कियां मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये बताया कि श्री मोदी ने आने वाले समय में राजस्थान को और अधिक सहयोग देने का आश्वासन दिया हैं

0000

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस आज मनाया जा रहा हैं यह दिन बाघों के प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और दुनिया भर में उनके संरक्षण प्रयासों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर वर्ष 29 जुलाई को मनाया जाता हैं इस अवसर पर, केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाघों के संरक्षण में देश की उल्लेखनीय सफलता का जिक्र सोशल मीडिया पर किया हैं श्री यादव ने कहा है कि 58 अभयारण्यों और तीन हजार छह सौ 82 बाघों के संरक्षण में भारत दुनियाभर के लिए एक मिसाल बनकर उभरा हैं उन्होंने कहा कि बाघ संरक्षण केवल प्रजातियों को बचाने के बारे में नहीं है, बल्कि यह उनकी बढ़ती संख्या और उनके प्राकृतिक आवास वाले जंगलों के पहले से बेहतर होने का भी प्रतीक हैं श्री यादव ने सभी से बाघों के संरक्षण और उनके पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करने का संकल्प लेने का आग्रह कियां इधर प्रदेश में भी बाघ संरक्षण के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं वन मंत्री संजय शर्मा इस अवसर पर रणथम्भौर बाघ अभ्यारण्य में प्रसिद्ध बाघिन मछली के नवनिर्मित स्मारक का अनावरण करेंगें

0000

जैसलमेर के सोनार दुर्ग में आज से आशान्वित जिला और ब्लॉक कार्यक्रम के तहत आकांक्षा हाट लगायी जा रही हैं एक हफ्ते तक चलने वाली इस हाट की थीम वोकल फॉर लोकल रखी गयी हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि हाट में राजीविका के महिला समूहों द्वारा तैयार किये गये विभिन्न उत्पाद बिक्री के लिये उपलब्ध होंगें

0000

सवाईमाधोपुर जिले में मानव तस्करी के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं इसी कडी में कल गंगापुरसिटी रेल्वे स्टेशन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गयां संगोष्ठी में पुलिस बल, जीआरपी तथा रेल कर्मचारियों को मानव तस्करी रोकने के संबंध में जानकारी दी गईं साथ ही सार्वजनिक उद्‌घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरूकता संदेश दिया गयां

0000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गयी हैं वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हुई हैं मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 11 सेंटीमीटर बरसात बारां के अटरू में रिकॉर्ड हुईं बारां के ही छीपा बडौद में दस और छबडा में 9 सेंटीमीटर पानी बरसां जयपुर में चाकसू और सांगानेर में 7 सेंटीमीटर बारिश हुईं दौसा, अलवर, भीलवाडा में विभिन्न इलाकों में भी जमकर बादल बरसें मौसम विभाग ने आज तीन जिलों भरतपुर,

धौलपुर और करौली में रेड और पांच जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं उन्नीस जिलों में बारिश का येलो अलर्ट हैं एहतियात के तौर पर तेरह जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई हैं मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक अगस्त के बाद ही मौसम में कुछ राहत मिलने की संभावना हैं अच्छी बारिश से राज्य के विभिन्न बांधों और नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा हैं कोटा बैराज के गेट खोलकर करीब 2 लाख 90 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे नयापुरा क्षेत्र की निचली बस्तियों ब्रजराज कॉलोनी और हरिजन बस्ती में चंबल नदी का पानी घरों तक पहुंच गया हैं बीसलपुर बांध के छह गेट खोलकर 60 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही हैं इसके अलावा पांचना बांध, कालीसिंध, नवनेरा, जवाहर सागर, राणा प्रताप सागर और ईसरदा बांधों के गेट भी खोले गए हैं

0000